दिनांक 18 जनवरी 2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

खुर्सीपार के तीन वार्डों में होंगे एक करोड़ 39 लाख से विभिन्न विकास कार्य

-महापौर श्री देवेंद्र यादव ने 6 स्थान पर वार्डवासियों के साथ मिलकर किया भूमिपूजन

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के खुर्सीपार क्षेत्र के तीन वार्डों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए विभिन्न विकास कार्य किए जाएंगे। गलियों के दोनों किनारे नाली निर्माण , सीसी रोड, सौंदर्यीकरण के लिए पेवर ब्लाॅक, उद्यान का संधारण एवं ओपन जिम लगाने सहित कई कार्यों की शुरूआत करने महापौर एवं विधायक भिलाईनगर श्री देवेन्द्र यादव ने वार्डवासियों के साथ मिलकर भूमिपूजन किया। जोन 04 अंतर्गत वार्ड 32, वार्ड 33 एवं वार्ड 34 में विकास कार्यों की सौगात मिलने से वार्ड के नागरिकों ने महापौर का आत्मीय स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किए। शाम 7 बजे सेक्टर 01 में बने डोमशेड का लोकापर्ण भी महापौर श्री यादव के द्वारा किया गया! अब वहां सार्वजनिक आयोजनों के लिए धूप एवं बारिश की बाधा नहीं आएगी! भिलाई निगम क्षेत्र के जोन 04 शिवाजी नगर अंतर्गत वार्ड 32 न्यू खुर्सीपार के जागीर चौक पं. दिनदयाल उपाध्याय , वार्ड 33 के शाहिद पान ठेला, उड़िया बस्ती क्रांति मार्केट एवं वार्ड 34 नेताजी सुभाष नगर में फ्रेन्डस क्लब, गणेश मंदिर एवं काली मंदिर सहित 6 अलग-अलग स्थानों पर भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ जहां वार्ड के नागरिक शामिल हुए। इस दौरान महापौर श्री यादव ने निगम प्रशासन द्वारा जनहित के लिए किये जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि मूलभूत आवश्यकताओं के विस्तार के लिए निगम प्रशासन हर संभव कार्य कर रहा है। शहर के सभी क्षेत्रों में विकास कार्य किया जा रहा है! सुगम आवागमन के लिए सड़कों का सीमेंटीकरण , जल निकासी के लिए नालियों का निर्माण व सड़कों के किनारे पेवर ब्लॉक सहित लोगों की मांग अनुरूप लगातार विकास कार्य किए जा रहे है। भूमिपूजन कार्यक्रम में अंतावसायी सहकारी समिति एवं वित्त विकास निगम की उपाध्यक्ष नीता लोधी , तुलसी साहू, एल्डरमेन सुनील गोयल, बबीता भैसारे, डी. नागमणि, डी. कामराजू, तुलसी पटेल सहित वार्ड के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे।

जनसम्पर्क अधिकारी